## बिहार सरकार
## पंचायती राज विभाग

### संकल्प

संख्या–6प/पं०नि०/01–03/2026/10744/पं०रा० पटना, दिनांक 20/7/2026

वर्ष 1991 की जनसंख्या के आंकड़ों के आधार पर ग्राम पंचायत क्षेत्र/ग्राम पंचायत प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र/पंचायत समिति प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र एवं जिला परिषद् प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र का गठन/परिसीमन वर्ष 1993 में किया गया है। वर्ष 2001, 2006, 2011, 2016 एवं 2021 में पंचायत आम निर्वाचन वर्ष 1991 की जनसंख्या के आंकड़ों के आधार पर गठित ग्राम पंचायत/पंचायत समिति/जिला परिषद् का कराया गया है।

विदित हो कि राज्य में ग्राम पंचायत क्षेत्रों का परिसीमन लगभग 33 वर्ष पूर्व किया गया है। इस अवधि में 2001 एवं 2011 की जनसंख्या के आंकड़ों का प्रकाशन किया गया, परन्तु उक्त जनगणना के आंकड़ों के आधार पर ग्राम पंचायत क्षेत्रों का गठन/परिसीमन विभिन्न परिस्थितिजन्य कारणों से नहीं किया जा सका है।

2. वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार बहुतायत पंचायतों की जनसंख्या ग्राम पंचायत क्षेत्र/पंचायत समिति प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र/जिला परिषद् प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र हेतु निर्धारित मानक जनसंख्या से लगभग डेढ़ से दोगुनी हो गयी है। नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा नगर निकायों के नवगठन, उत्क्रमण तथा सीमा विस्तार के कारण भी ग्राम पंचायत, पंचायत समिति और जिला परिषद् क्षेत्र की मानक जनसंख्या एवं क्षेत्र में विसंगति उत्पन्न होने के कारण ग्राम पंचायत क्षेत्र, ग्राम पंचायत प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र, पंचायत समिति प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र एवं जिला परिषद् प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र का नये सिरे से गठन/परिसीमन विचाराधीन था।

कृ०पृ०उ०

3. वर्ष 2011 की जनगणना के आंकड़ों के आधार पर वर्तमान 8041 ग्राम पंचायतों में से 7338 ग्राम पंचायतों की जनसंख्या 8000 से 20,000 तक है तथा 12 पंचायतें ऐसी भी हैं, जिनकी जनसंख्या 20,000 से भी अधिक है। इसी प्रकार 1160 जिला परिषद् प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों में से 987 जिला परिषद् प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र ऐसे हैं जिनकी जनसंख्या 60,000 से 1,50,000 तक है।

4. इस हेतु बिहार पंचायत राज अधिनियम, 2006 की धारा–127 के आलोक में ग्राम पंचायत क्षेत्र, पंचायत प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र, पंचायत समिति प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र एवं जिला परिषद् प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र का गठन/परिसीमन वर्ष 2011 में प्रकाशित जनगणना के आंकड़ों के आधार पर किये जाने के प्रस्ताव पर मंत्रिपरिषद् द्वारा दिनांक 15.07.2026 को मद संख्या–31 के रूप में स्वीकृति प्रदान की गयी है।

5. अतएव बिहार पंचायत राज अधिनियम, 2006 (यथा संशोधित) की धारा 11 की उप–धारा (1) के तहत ग्राम पंचायत क्षेत्र, धारा 12 की उप–धारा (2) के तहत ग्राम पंचायत प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र, धारा 37 के तहत पंचायत समिति प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र एवं धारा 64 के तहत जिला परिषद् प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र का वर्ष 2011 की जनसंख्या के आंकड़ों के आधार पर गठन/परिसीमन किये जाने का निर्णय संसूचित किया जाता है।

**आदेशः आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प को बिहार राजपत्र के आगामी असाधारण अंक में सर्वसाधारण की जानकारी हेतु प्रकाशित किया जाय।**

बिहार राज्यपाल के आदेश से

28/7/26.

(मनोज कुमार)
सरकार के सचिव

D:\JITTE 2026\NIRAJ SIR\PARISIMAN\Parisiman Sankalp.doc



लगातार.....

ज्ञापांकः–6प / पं०नि० / 01–03 / 2026 / 10744 / पं०रा०, दिनांक 20 / 7 / 2026
**प्रतिलिपिः**–प्रभारी पदाधिकारी, ई–गजट कोषांग, वित्त विभाग, बिहार, पटना को बिहार गजट के अगले असाधारण अंक में प्रकाशनार्थ अग्रसारित।

अनुरोध है कि इस अधिसूचना की 1000 प्रतियाँ पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना को अविलंब उपलब्ध कराने की कृपा करें।

20/7/26

(मनोज कुमार)
सरकार के सचिव

ज्ञापांकः–6प / पं०नि० / 01–03 / 2026 / 10744 / पं०रा०, दिनांक 20 / 7 / 2026
**प्रतिलिपिः**–महालेखाकार, बिहार, वीरचन्द्र पटेल पथ, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

20/7/26

(मनोज कुमार)
सरकार के सचिव

ज्ञापांकः–6प / पं०नि० / 01–03 / 2026 / 10744 / पं०रा०, दिनांक 20 / 7 / 2026
**प्रतिलिपिः**–सचिव, बिहार विधान परिषद् / सचिव, बिहार विधान सभा / मुख्यमंत्री सचिवालय / निबंधक, पटना उच्च न्यायालय / महाधिवक्ता, बिहार, पटना को सूचनार्थ अग्रसारित।

20/7/26

(मनोज कुमार)
सरकार के सचिव

ज्ञापांकः–6प / पं०नि० / 01–03 / 2026 / 10744 / पं०रा०, दिनांक 20 / 7 / 2026
**प्रतिलिपिः**–मुख्य सचिव / विकास आयुक्त / महालेखाकार, बिहार, पटना / सभी अपर मुख्य सचिव / प्रधान सचिव / सचिव / विभागाध्यक्ष, बिहार / सचिव, राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

20/7/26

(मनोज कुमार)
सरकार के सचिव

ज्ञापांकः–6प / पं०नि० / 01–03 / 2026 / 10744 / पं०रा०, दिनांक 20 / 7 / 2026
**प्रतिलिपिः**–सभी प्रमंडलीय आयुक्त / जिला पदाधिकारी / उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद् / जिला पंचायत राज पदाधिकारी, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

20/7/26

(मनोज कुमार)
सरकार के सचिव

कृ०पृ०उ०

ज्ञापांकः–6प/पं०नि०/01–03/2026/10744/पं०रा०, दिनांक 20/7/2026

प्रतिलिपिः–माननीय मंत्री के आप्त सचिव/सचिव के वरीय प्रधान आप्त सचिव/निदेशक के आशुलिपिक/सभी वरीय प्रभारी पदाधिकारी/प्रभारी पदाधिकारी, पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

20/7/26.

(मनोज कुमार)
सरकार के सचिव

ज्ञापांकः–6प/पं०नि०/01–03/2026/10744/पं०रा०, दिनांक 20/7/2026

प्रतिलिपिः–आई०टी० प्रबंधक, पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना को विभागीय बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु अग्रसारित।

20/7/26.

(मनोज कुमार)
सरकार के सचिव